भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.4015

दिनांक 25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

बांग्लादेश के साथ आयात और निर्यात

4015. श्री दीपक अधिकारी (देव):

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत छह माह के दौरान बांग्लादेश के साथ आयात और निर्यात का मदवार और राशिवार ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस संबंध में अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क): पिछले छह महीनों (वित्त वर्ष अगस्त 2024-जनवरी 2025) के दौरान बांग्लादेश को भारत का कुल निर्यात 5807.69 मिलियन अमेरिकी डॉलर रहा और आयात 1070.75 मिलियन अमेरिकी डॉलर रहा।

पिछले छह महीनों के दौरान बांग्लादेश के साथ आयात और निर्यात का मदवार और राशिवार विवरण निम्न लिंक से प्राप्त किया जा सकता है:

https://tradestat.commerce.gov.in/meidb/default.asp (मासिक डेटा के लिए)

https://tradestat.commerce.gov.in/eidb/ecntcomq.asp (वार्षिक डेटा के लिए)

पिछले छह महीनों के दौरान एचएस वर्गीकरण के अनुसार शीर्ष 10 प्रमुख निर्यात मदों में खनिज ईंधन और तेल, कपास, अन्य वस्त्र वनस्पति वस्त्र फाइबर, खाद्य सब्जियां और कुछ रूट्स, ट्यूबर्स और रेलवे और ट्रामवे के अलावा वाहन शामिल हैं। **(अनुबंध-I)**

पिछले छह महीनों के दौरान एचएस वर्गीकरण के अनुसार बांग्लादेश से भारत द्वारा शीर्ष 10 प्रमुख आयातित मदों में गैर-बुने हुए या क्रोशिया से बने परिधान और वस्त्र, बुने हुए या क्रोशिया से बने परिधान और वस्त्र, अन्य वस्त्र, वनस्पति वस्त्र फाइबर, पशु या वनस्पति वसा एवं तेल तथा वस्त्र से निर्मित अन्य वस्तुएं शामिल हैं। **(अनुबंध-II)**

(ख) एक द्विपक्षीय तंत्र मौजूद है जहाँ भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार संबंधी मुद्दों पर नियमित आधार पर चर्चा की जाती है।

****

अनुबंध-I

बांग्लादेश को भारत का शीर्ष निर्यात (वित्त वर्ष अगस्त 2024 से जनवरी 2025) (मूल्य मिलियन अमेरिकी डॉलर में)			
क्र.सं.	एचएस कोड	मद	अगस्त 2024 से जनवरी 2025 तक कुल
1	27	खनिज ईंधन, खनिज तेल और उनके आसवन के उत्पाद; बिटुमिनस पदार्थ; खनिज मोम	1098.83
2	52	कपास	858.5
3	53	अन्य वनस्पति वस्त्र रेशे; पेपर यार्न और पेपर यार्न से बुने हुए कपड़े	555.05
4	7	खाद्य सब्जियाँ और कुछ जड़ें और कंद	270.59
5	87	रेलवे या ट्रामवे रोलिंग स्टॉक के अलावा अन्य वाहन, तथा उनके पार्ट्स और अनुषंगी उपकरण	229.28
6	29	ऑर्गेनिक कैमिकल्स	201.35
7	10	अनाज	175.06
8	23	खाद्य उद्योगों के अवशेष एवं अपशिष्ट; तैयार पशु चारा	172.07
9	84	न्यूक्लियर रिएक्टर, बॉयलर, मशीनरी और यांत्रिक उपकरण; उनके पार्ट्स	165.78
10	88	वायुयान, अंतरिक्ष यान और इनके पार्ट्स	165.51

स्रोत: डीजीसीआईएस डेटाबेस

*****

अनुबंध-II

बांग्लादेश से भारत का शीर्ष आयात (वित्त वर्ष अगस्त 2024 से जनवरी 2025) (मूल्य मिलियन अमेरिकी डॉलर में)			
क्र.सं.	एचएस कोड	मद	अगस्त 2024 से जनवरी 2025 तक कुल
1	62	बिना बुने अथवा क्रोशिया किए गए परिधान और वस्त्र एक्सेसरीज	257.11
2	61	बुने हुए या क्रोशिया किए गए परिधान और वस्त्र एक्सेसरीज के आर्टिकल	146
3	53	अन्य वनस्पति वस्त्र रेशे; पेपर यार्न और पेपर यार्न से बुने हुए कपड़े	90.63
4	15	पशु या वनस्पति वसा और तेल और उनके क्लीवेज उत्पाद; खाद्य वसा; पशु या वनस्पति मोम	85.28
5	63	वस्त्र से निर्मित अन्य वस्तुएं; सेट; पहनने के कपड़े और पहनने के कपड़े के आर्टिकल्स; रग्स	73.6
6	64	जूते, गैटर और इसी प्रकार की अन्य वस्तुएं; ऐसी वस्तुओं के पाट्‌र्स	58.45
7	3	मछली और क्रस्टेशियन, मोलस्क और अन्य जलीय इनवर्टब्रेट्स	48.94
8	39	प्लास्टिक और उससे बनी वस्तुएं	40.52
9	42	चमड़े की वस्तुएं , काठी और हार्नेस; यात्रा के सामान, हैंडबैग और इसी तरह पशु मांस (रेशम-ऊर्मा के अलावा) की सामग्री	36.61
10	8	खाद्य फल और मेवे; पील या खट्‌टे फल या खरबूजे	24.69

स्रोत:डीजीसीआईएस डेटाबेस

*****